# राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर
## व्याख्याता – हिन्दी, कॉलेज शिक्षा विभाग के पदों हेतु प्रतियोगी परीक्षा का पाठ्‌यक्रम
## द्वितीय प्रश्न–पत्र

**इकाई–1–**

हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन की परंपरा। हिन्दी साहित्य का आरंभ। काल विभाजन और नामकरण। प्रमुख इतिहास ग्रंथों का वैशिष्ट्य।

आदिकालीन सामाजिक–सांस्कृतिक पृष्ठभूमि। आदिकालीन साहित्यिक प्रवृत्तियाँ–सिद्ध, नाथ एवं जैन साहित्य, रासो काव्य परंपरा एवं तत्संबंधी प्रामाणिकता का प्रश्न, लौकिक साहित्य। आदिकालीन प्रमुख कवि एवं उनकी रचनाएँ (शालिभद्र सूरि, सरहपाद, गोरखनाथ, चंदबरदाई, नरपति नाल्ह, अमीर खुसरो, विद्यापति आदि)

**इकाई–2–**

भक्तिकालीन साहित्य का ऐतिहासिक और सामाजिक–संस्कृतिक आधार। भक्ति आंदोलन का अखिल भारतीय स्वरूप। भक्ति आंदोलन की दार्शनिक पीठिका। भक्ति आंदोलन के प्रमुख संप्रदाय एवं आचार्य। भक्ति आंदोलन का क्षेत्रीय वैशिष्ट्य और राजस्थान में भक्ति आंदोलन। भक्ति आंदोलन एवं सामाजिक समरसता। भक्तिकालीन प्रवृत्तियाँ– निर्गुण भक्ति साहित्य (कबीर, रैदास, दादू), कृष्ण भक्ति साहित्य (सूरदास, कुंभनदास, रसखान, नंददास और मीरां); राम भक्ति साहित्य (तुलसीदास, अग्रदास आदि); सूफी काव्य (कुतुबन, मंझन और जायसी); नीति साहित्य (रहीम)।

**इकाई–3 –**

रीतिकालीन साहित्य की सामाजिक–सांस्कृतिक पीठिका। रीतिकालीन साहित्य का काव्यशास्त्रीय आधार। रीतिकालीन साहित्य की स्रोत सामग्री। वर्गीकरण– रीतिबद्ध, रीतिसिद्ध और रीतिमुक्त। प्रमुख कवि और उनकी रचनाएं (केशवदास, मतिराम, भूषण, देव, भिखारीदास, बिहारी, पद्‌माकर, सेनापति, आलम और घनानंद)। रीतिकालीन भक्ति एवं अन्य काव्य परम्पराएँ।

**इकाई–4–**

आधुनिककाल की ऐतिहासिक और सामाजिक–सांस्कृतिक पीठिका – 1857 का स्वाधीनता संग्राम, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और स्वाधीनता आंदोलन। भारतेंदु और उनका मंडल। भारतेंदु युगीन हिन्दी पत्रकारिता। महावीर प्रसाद द्विवेदी और उनका अवदान। राष्ट्रीय–सांस्कृतिक काव्यधारा (हरिऔध, मैथिलीशरण गुप्त, माखनलाल चतुर्वेदी, रामधारीसिंह दिनकर आदि)। छायावाद– पृष्ठभूमि, प्रवृत्तियां, प्रमुख कवि और रचनाएं (जयशंकर प्रसाद, सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', सुमित्रानंदन पंत और महादेवी वर्मा)। प्रगति–प्रयोगवादी कविता, नई कविता और समकालीन कविता (नागार्जुन, केदारनाथ अग्रवाल, अज्ञेय, शमशेर, मुक्तिबोध, धर्मवीर भारती, नरेश मेहता, रघुवीर सहाय, केदारनाथ सिंह, धूमिल, अशोक वाजपेयी, ऋतुराज और नंदकिशोर आचार्य)।

**इकाई–5 –**

आधुनिक हिन्दी गद्य का विकास। भारतेंदुयुगीन हिन्दी गद्य। हिन्दी गद्य और महावीर प्रसाद द्विवेदी। हिन्दी उपन्यास का विकास और प्रमुख उपन्यासकार। हिन्दी कहानी का विकास और प्रमुख कहानीकार। हिन्दी नाटक और रंगमंच का विकास। हिन्दी निबंध और आलोचना का विकास। हिन्दी की अन्य गद्य विधाओं का विकास–जीवनी, आत्मकथा, संस्मरण–रेखाचित्र और यात्रा वृत्तांत। हिन्दी साहित्यिक पत्रकारिता की परम्परा। अस्मिता विमर्श का साहित्य – स्त्री, दलित और आदिवासी।

******

Note :- **Pattern of Question Paper**

1. **Objective type paper**
2. **Maximum Marks : 75**
3. **Number of Questions : 150**
4. **Duration of Paper : Three Hours**
5. **All questions carry equal marks.**
6. **There will be Negative Marking.**